**खबर संक्षेप**

### जोनल, सेक्टर एवं पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण कल

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर खजुराहो एवं शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त जोनल, सेक्टर एवं पुलिस अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 7 मार्च को दो पालियों में कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में प्रदान किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा आदेशानुसार विधानसभा बड़वारा एवं विजराघवगढ़ के लिए प्रथम पाली में प्रशिक्षण प्रातः 11 बजे से 1.30 बजे तक तथा द्वितीय पाली में विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा एवं बहोरीबंद हेतु प्रशिक्षण दोपहर 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक प्रदान किया जाना है। अपर कलेक्टर नें राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्राचार्य एन.पी.गुप्ता, आलोक पाठक, व्याख्याता राजेंद्र असाटी एवं डी.व्हीसी आर के बारी को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है।

### के.सी.एस स्कूल परिसर में होगा ई- लाइब्रेरी का निर्माण

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले में अध्ययनरत छात्र -छात्राओं को बेहतर से बेहतर शिक्षा व्यवस्था मुहैया कराने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिला खनिज प्रतिष्ठान कटनी के न्यास मंडल की पांचवी बैठक में अनुमोदन उपरांत नगर निगम कटनी अंतर्गत के.सी.एस स्कूल परिसर में ई-लाइब्रेरी निर्माण हेतु 1 करोड़ 20 लाख रुपये का सशर्त प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी किया है। उक्त कार्य की क्रियान्वयन एजेंसी नगर पालिक निगम कटनी होगी। कार्य पर होने वाला व्यय जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के अंतर्गत विकलनीय होगा। उक्त स्वीकृत निर्माण कार्य प्राक्कलन एवं तकनीकी स्वीकृति के अनुसार निर्धारित तकनीकी मानदंडों के आधार पर ही कराया जायेगा। कार्य निर्धारित मापदंड के विपरीत पाये जाने पर उसका संपूर्ण दायित्व निर्माण एजेंसी का होगा। ऐसी स्थिति में गुण दोष के आधार पर संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने सहित अन्य शर्ते सम्मलित है।

### अलग अलग क्षेत्रों से अवैध शराब जब्त

**कटनी।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। अलग-अलग क्षेत्र में दबिश देकर अवैध शराब जब्त की है। जानकारी अनुसार माधवनगर पुलिस ने बंडा तलैया के पास गुदरी रोड में सुरेन्द्र आदिवासी निवासी बण्डा के पास से 19 पाव शराब जब्त की है। टिकरिया में जगदीश कोल के पास से 21 पाव शराब, संजय नगर में संतोष यादव के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब, इमलिया तलाब के पास घनश्याम दास आहूजा निवासी कैरिन लाइन के पास से 21 पाव देशी प्लेन शराब, सागर यादव निवासी ग्राम इमलिया के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है। रंगनाथ नगर पुलिस ने झर्राटिकुरिया ने रितिक कुमार कुंडे के पास से 18 पाव शराब, बहोरीबंद पुलिस ने बसंत यादव निवासी हिनौती से 20 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की।

### ढीमरखेड़ा पुलिस ने देहरी गांव में दी दबिश, पिता फरार, दो पुत्र गिरफ्तार

# गौशाला में छिपाकर रखा था स्टॉक, 2 लाख की अंग्रेजी एवं देशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा





ढीमरखेड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर देहरी गांव के एक घर में दबिश दी। पुलिस के पहुंचने पर एक आरोपित मौका देखकर फरार हो गया जबकि दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान पुलिस को गोशाला में छिपाकर रखी 36 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब मिली। बरामद शराब की कीमत लगभग 2 लाख रूपए आंकी गई है। आरोपितों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर ने बताया कि आगामी त्यौहार होली व लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध रूप से नशा का व्यापार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार की रात को ढीमरखेड़ा पुलिस को सूचना मिली कि देहरी गांव के एक घर में पिता व पुत्र मिलकर अवैध रूप से शराब रखे हुए हैं। जिसपर थाना प्रभारी मो. शाहिद के साथ टीम बनाकर देहरी गांव में नारायण सिंह मार्को के घर में दबिश दी गई। पुलिस को देखकर नारायण सिंह मौके से फरार हो गया और पुलिस ने उसके बेटे राजेश मार्को व नीरज मार्को को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर उनके घर की तलाशी ली।

आरोपी के घर में गौशाला की छप्पर पर कागज की कार्टूनों में भरी अवैध शराब चारा पैरा से ढंकी हुई मिली जिसे मौके पर मौजूद साक्षियों के समक्ष छत से नीचे उतरवाया गया। अंग्रेजी शराब गोवा कंपनी की 10 पेटी, 12 पेटी देसी मसाला, 14 पेटी प्लेन कुल 36 पेटी शराब, कीमती 1 लाख 90 हजार, कुल मात्रा 324 लीटर की जप्त की गई। आरोपी राजेश मार्को पिता नारायण मार्को उम्र 22 वर्ष एवं नीरज मार्को पिता नारायण मार्को 20 वर्ष निवासी ग्राम देहरी थाना ढीमरखेड़ा को गिरफ्तार किया गया। आरोपीयान राजेश कुमार मार्को, नीरज कुमार मार्को तथा नारायण मार्को के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक मोहम्मद शाहिद, सहायक उप निरीक्षक महेश झरिया, सहायक उप निरीक्षक जयचंद उईके, प्रधान आरक्षक संदेश परतेती, आरक्षक अजीत सिंह, आरक्षक पंकज सिंह, महिला आरक्षक दुर्गा शुक्ला का विशेष योगदान रहा। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा आगामी त्यौहार होली एवं लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए अवैध शराब कारोबार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने निर्देशित किया गया था।



## "आओ सीखो कैसे डालते हैं वोट" की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा कभी भी घोषणा की जा सकती है। इसके पूर्व से ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में निर्वाचन कार्यालय द्वारा सक्रियता से मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाने लगी है।

#### डेमो से दी गई जानकारी

कलेक्टर के निर्देश पर कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित तहसील कार्यालयों में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की जाकर शासकीय कार्यालयों में आनें वाले वाले नागरिकों को यदि वोट डालने की प्रक्रिया नहीं आती तो उन्हे ईवीएम से वोट डालने का डेमो दिखाया जाता है ताकि आने वाले समय मे जब वोट डालने का समय आये तो उन्हे मतदान करने में किसी भी प्रकार की अड़चन न आये। इन प्रदर्शन केन्द्रों में बकाया कर्मचारियों की डियुटी लगाई गई है जो यहां आने वालों को वोट डालनें की प्रकिया की विस्तार से जानकारी देते है साथ ही यह भी बताते है कि जब वोट पड़ जाता है तो बाक्स मे पर्ची कटकर गिरती है जिसमें आप किसे वोट दिये है बकायता प्रर्दशित होता है। इन प्रदर्शन केन्द्रों में ऐसे मतदाता जो पहली बार वोट डालने जा रहे है उनको ईवीएम के माध्यम से वोट डालने का डेमो दिखाकर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। ई.वी.एम प्रशिक्षण केन्द्र मतदाताओं को वोट डालने का तरीका सिखाने हेतु कारगर साबित हो रहा है।

*शहरवासियों को जागरूक करने जगाई स्वच्छता की अलख*

## स्वच्छता प्रेरणा समारोह पर निकाली रैली, चला विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




नगर पालिक निगम कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को प्रदेश स्तरीय स्वच्छता प्रेरणा समारोह कार्यक्रम का सफल आयोजन कर समूचे शहर में स्वच्छता की अलख जगायी गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिक निगम कटनी से किया गया यहां से गांधी द्वार झंडा बाजार चौक होते हुए सुभाष चौक से वापस नगर पालिक निगम कटनी कार्यालय तक गणमान्यजनों जनप्रतिनिधियों अधिकारियों पब्लिक व कर्मचारियों के द्वारा प्लॉग रन किया गया। जिसमें स्थलों से प्लास्टिक पॉलिथीन कचरा इत्यादि उठाया गया। लोगों को जागरूक करने स्वच्छ भारत स्वच्छ कटनी का संदेश दिया गया। प्लास्टिक मुक्त भारत के निर्माण हेतु शपथ भी कार्यालय परिसर में दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रतिमा स्थलों की साफ सफाई की गई।नगर निगम के सुरम्य पार्क एवं छपरवाह स्थित अमृत योजना अंतर्गत निर्मित पार्क की भी साफ सफाई स्वच्छता की गई। इस अवसर पर उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, सुरेन्द्र गुप्ता नागेन्द्र पटेल, अनिल जायसवाल शैलेन्द्र पयासी के साथ निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत बस स्टेण्ड आडीटोरियम में मुख्यमंत्री द्वारा लाल परेड ग्राउण्ड भोपाल से सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें स्वच्छता प्रेरणा समारोह एवं 8500 से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण एवं नगरीय निकायों के विकास कार्यो के लिए राशि 1000 करोड़ का अंतरण का प्रसारण किया गया । इस दौरान विधायक संदीप जायसवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक टंडन सोनी, अपर कलेक्टर साधना परस्ते आदि मौजूद रहे।

### राज्यपाल से प्राप्त शील्ड कलेक्टर को सौंपा



राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा विगत 01 मार्च को राजभवन भोपाल में आयोजित समारोह के दौरान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कटनी को श्रेष्ठ जनहितैषी नवाचारों के लिए "अति उत्तम नवाचार सम्मान" से सम्मानित किया जाकर प्रदाय की गई शील्ड को मंगलवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी कटनी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर अवि प्रसाद को सौंपा गया। इस अवसर पर लालजी शर्मा, रमेश खंडेलवाल, गोविन्द सचदेवा, मौसूफ अहमद बिट्टू, डॉ यशवंत वर्मा, डॉ राजेश प्रखर की उपस्थिति रही। कलेक्टर अवि प्रसाद ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस शानदार उपलब्धि का श्रेय कटनी रेडक्रॉस सोसायटी के सभी सदस्यों, प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों एवं कटनी के उदारमना दानदाताओं को देते हुए शुभकामनाएं दीं।

## विद्यार्थियों को कवर फसल एवं फसल पशु संघ का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्य डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण में समन्वयक प्रीति नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ राम सुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान कम लागत तकनीक जीरो बजट फार्मिंग के द्वारा अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए कवर फसलों की जानकारी दी गई। कवर फसलों का उपयोग आमतौर पर खरपतवारों को दबाने मिट्टी के कटाव का प्रबंधन करने मिट्टी की उर्वरता और गुणवत्ता में सुधार तथा रोगों और कीटों को नियंत्रित करने में मदद करने के लिए किया जाता है। कवर फसल के प्रकार घास फलियां गैर फलियों वाली फसलों की जानकारी के साथ ही कवर फसलों से लाभ की जानकारी का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। फसल पशु संघ के अंतर्गत फसल उत्पादन के लिए पशुओं के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत बैलों से जुताई बुवाई सिंचाई के लिए रहट मोट का उपयोग गहाई उपज की ढुलाई गोबर गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग गोबर कंपोस्ट सींग खाद केंचुआ खाद बायोगैस तथा रेशम एवं मशरूम की खेती तथा गाय भेड़ बकरी एवं मुर्गी का दूध उन मांस के लिए उपयोग की जानकारी का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

*शासकीय तिलक महा विद्यालय में परिचर्चा का हुआ आयोजन*

## शैक्षणिक योग्यता एवं परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राज्य सेवा परीक्षा एवं राज्य वन सेवा परीक्षा पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार खरे के मार्गदर्शन में किया गया। विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर लक्ष्मी नायक ने कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन करते हुए शुभारंभ किया।

विभाग के प्राध्यापक अजय कुररिया ने राज्य सेवा परीक्षा एवं वन सेवा परीक्षा के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता के बारे में चर्चा की तथा इन सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षा के पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी, साथ ही वर्ष 2024 में परीक्षा के पाठ्यक्रम में हुए बदलावों पर प्रकाश डाला। डॉ. धीरज खरे ने परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक अध्ययन सामग्री यथा एनसीईआरटी की पुस्तकों, संदर्भ पुस्तकों के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार के पोर्टल मध्य प्रदेश जनसंपर्क, मध्य प्रदेश इन्फो, मध्य प्रदेश पर्यटन तथा भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा उपयोगी जानकारी के बारे में बताया, साथ ही समाचार पत्र अध्ययन की महत्वता पर बात की।

विभाग के प्राध्यापक सुनील कुमार त्रिपाठी ने राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की मुख्य परीक्षा व उसके पाठ्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की एवं पाठ्यक्रम में हुए परिवर्तन को रेखांकित किया। उन्होंने समसामयिक मुद्दों एवं घटनाओं के संकलन एवं अध्ययन की तकनीक के बारे में बताया, साथ ही साक्षात्कार की तैयारी के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने इन परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित समस्याओं के बारे में वक्ताओं से प्रश्न किया। उक्त कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक आयोजित

## 5 विकासखंडों की गौशालाओं के लिए 52 लाख 11 हजार का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति, की बैठक अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते की उपस्थिति में आहूत की जाकर निर्धारित एजेण्डा अनुसार महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति पारित किये गये।

बैठक के दौरान सचिव एवं उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जानकारी दी कि प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा "मुख्यमंत्री गौसेवा योजना एवं पंजीकृत अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रदाय अनुदान राशि वेबपोर्टल द्वारा सीधे गौशालाओं के खाते में प्रदाय किये जाने की व्यवस्था निर्मित किये जाने की जानकारी के संबंध में अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा सभी विकास खंडों के प०चि०वि०अधि० संबंधित अनुविभागीय अधिकारी से शीघ्र ही माह जनवरी एवं फरवरी 2024 की गोवंश संख्या का अनुमोदन कराने के उपरांत बैठक आयोजित कर अनुमोदन उपरांत बेबपोर्टल में गौवंश संख्या का इन्द्राज करने हेतु निर्देशित किया।

"मुख्यमंत्री गौसेवा योजना" के अंतर्गत संचालित गौशालाओं में माह अक्टूबर 2023, नवम्बर 2023 एवं दिसम्बर 2023 (तीन माह) में उपलब्ध गौवंश के आधार पर रुपये 20 रूपये प्रतिगौवंश प्रतिदिवस के मान से राशि रुपये 41 लाख 46 हजार तथा अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित 03 गौशालाओं के चारा-भूसा हेतु (तीन माह हेतु) राशि रुपये 24 लाख 21 हजार कुल 65 लाख 67 हजार के वितरण के संबंध में उपसंचालक, पशु पालन विभाग, कटनी द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के 05 विकासखण्डों से अनुविभागीय अधिकारी द्वारा गौवंश का सत्यापन किया गया है।

विकासखण्ड विजयराघवगढ़ में संचालित गौशालाओं में उपलब्ध गौवंश का सत्यापन अनुविभागीय अधिकारी से प्राप्त नहीं होने की जानकारी प्रदान किये जाने पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा विजयराघवगढ़ की कुल 04 गौशाला 03 शासकीय एवं 01 अशासकीय को छोडकर शेष 05 विकासखण्ड में संचालित शासकीय 21 गौशालाओं में उपलब्ध गौवंश के आधार पर रुपये 20 रूपये प्रतिदिवस के मान से 35 लाख 31 हजार 580 रूपये एवं अशासकीय 02 गौशालाओं को 16 लाख 79 हजार 620.00 रुपये कुल राशि 52 लाख 11 हजार 200 रूपये का वितरण किये जाने का निर्णय लिया गया।

अपर कलेक्टर श्रीमती परस्ते नें विकासखण्ड विजयराघवगढ़ की गौशालाओं का सत्यापन अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़ से प्राप्त होने के उपरांत करने हेतु निर्देशित किया।

## छात्र स्नेह सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी




शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी में छात्र स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अतिथियों के द्वारा सरस्वती पूजन के साथ सरस्वती वंदना का गायन कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नेगई सरपंच महोदया श्रीमती रुग्गू बाई कोल विशिष्ट अतिथि अमित राय, रमेश राय ,श्रीमती सुनीता शर्मा ,श्रीमती विनीता हल्दकार श्रीमती प्रमोद महोबिया, रघुवीर प्रसाद महोबिया मनिकेश्वर राय सिलौंडी/नेगई ग्राम के गणमान्य नागरिको द्वारा छात्र छात्राओं को संबोधित किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य रतिराम अहिरवार द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत कर स्वागत भाषण दिया गया। नीता मिश्रा कार्यक्रम की संयोजक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथिगण ग्राम वाशीगड़ नागरिक एवं छात्र-छात्राओं आदि का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पंकज मिश्रा के द्वारा किया गया। इसी कड़ी में सांस्कृतिक प्रभारी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद बागरी क्रीड़ाधिकारी चंदन यादव डॉ रविता सिंह प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर अंकुर ओमर नवीन कालबांधे श्रीमती रश्मि सिंह हेमंत कुमार चौरसिया भूपेंद्र कुमार शुक्ला कंचन मनीष प्रतिभा सम्मान में प्रियंका राय दीपिका श्रीवास्तव रौनक लोहार प्रतीक विश्वकर्मा अर्पित जायसवाल लक्ष्मीआदि सांस्कृतिक गतिविधियों में खुशी शर्मा राखी मेहरा निधि पाल रोहिणी बागरी मोहिनी साक्षी सानिया अंबिका साक्षी अमृता पलक प्रभा मनीष स्नेहा शुक्ला प्रगति भावना आदि छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन पंकज मिश्रा के द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं का सहयोग रहा ।

खबर संक्षेप

## गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** उप संचालक कृषि बताया कि राज्य शासन द्वारा रवि विपण वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये किसानों के पंजीयन की अवधि में वृध्दि की की जाकर अंतिम तिथि बुधवार 6 मार्च 2024 तक की गई है। उपसंचालक कृषि नें जिले के अब शेष रहे किसानों से अंतिम तिथि लाभ प्राप्त कर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन करानें का आग्रह किया है।

## प्रधानमंत्री आज करेंगे स्व सहायता समूह की बहनों से चर्चा

**कटनी।** प्रधानमंत्री बुधवार 6 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश की स्वसहायता समूह की बहनों के प्रशिक्षण सह कार्यशाला व चर्चा तथा सहकारिता एवं किसान सम्मेलन अंतर्गत किसान सम्मान निधि का अंतरण सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ वर्ष 2023-24 की दावा राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से करेंगे। कलेक्टर अवि प्रसाद ने 6 मार्च को प्रातः 10 बजे से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय एवं जनपद पंचायत मुख्यालय में करने के निर्देश दिए है। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के ऑडिटोरियम परिसर में किया जायेगा। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है। कलेक्टर ने नगर निगम के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल पर लाइव प्रसारण हेतु एलईडी स्क्रीन, लाइट, माईक टेंट, साउण्ड, फ्लेक्स बैठक व्यवस्था, स्वागत सत्कार, पेयजल व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, स्व सहायता समूहों के सदस्यों को आमंत्रित करने सहित स्वसहायता समूह के सदस्यों एवं योजनाओं के लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने एवं वापसी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को पृथक -पृथक दायित्व सौंपे है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से प्रौढ़ की मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र बगैया हार ग्राम जिजनौड़ी में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से प्रौढ़ की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार राजकुमारी यादव पति बुद्ध यादव 50 वर्ष निवासी ग्राम जिजनौड़ी की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## सड़क हादसे में थम गई युवक की सांसें

**कटनी।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। हादसा बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंदरी नई बस्ती चौराहा के पास हुआ। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार भईया सिंह पिता चिंतामन सिंह 33 निवासी बंदरी की एक्सीडेंट के कारण मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## अलग अलग स्थानों से पकड़े गए आधा दर्जन से अधिक जुआरी

**कटनी।** अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा है। रीठी पुलिस ने ग्राम बडगांव गंगानगर में दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने कडोरी चौधरी निवासी गुरजीकला, निजाम बख्श निवासी ग्राम अमगवां, श्यामलाल पटेल निवासी ग्राम बड़गांव को जुआ खेलते पकड़ा है। इसी प्रकार कैमोर पुलिस ने ग्राम हरैया तालाब के पास दबिश देकर अमृतलाल लोधी, रामअवतार, रामबली लोधी सभी निवासी हरैया को जुआ खेलते दबोचा है। इसी प्रकार कैमोर पुलिस ने हरैया शंकर मंदिर के पास से गणेश गुप्ता, दुलीचंद लोधी, रामविशाल बर्मन सभी निवासी हरैया को जुआ खेलते पकड़ा है।

### सेंट्रल पार्किंग के बाद रूट निर्धारित करने का प्रयोग भी नहीं हुआ सफल

# नित नये प्रयोग के बाद भी जाम की समस्या का नहीं हो पा रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रशासन द्वारा आये दिन कोई न कोई कवायद की जाती है हालांकि तमाम प्रयोगों के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं निकल सका है। ऐसा नहीं है कि शासन व प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है लेकिन इस मसले को लेकर गंभीरता नहीं बरती जा रही है जिससे यह समस्या पूरी तरह से समाप्त भी नहीं हो पा रही है। ओवर ब्रिज बनने के बाद भी जाम की समस्या से वाहन चालक जूझ रहे हैं।

बीते वर्ष थाना यातायात में ई-रिक्शा चालकों की बैठक ली गई। समस्त चालकों की उनके रूट निर्धारण किया गया एवं रूट निर्धारण चार्ट उपलब्ध कराया गया। जिसे 01 सप्ताह के अंदर लागू करने की समझाइश दी गई थी। संघ के अध्यक्ष को ई-रिक्शा चालकों का रूट निर्धारण करने एवं इसकी जानकारी दिनाकं 25 जुलाई तक यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे। लेकिन करीब 8 माह का समय बीतने के बाद भी यह पूरी तरह से अमल में नहीं आ पाया।

### ऐसा निर्धारित किया था रूट

पूर्व में हुई बैठक में शहर में चल रहे ई रिक्शा का रूट निर्धारित करने रूपरेखा बनाई गई थी जिसके अनुसार रूट क्रमांक 01 ( हरा रंग), रुट क्रमांक 02 ( लाल रंग), रूट क्रमांक 03 ( आसमानी रंग), रूट क्रमांक 04 (नारंगी रंग), रूट क्रमांक 05 (सफेद रंग), रूट क्रमांक 06 (पीला रंग) तथा समस्त ई-रिक्शा चालकों को अपने अपने वाहन में संबंधित रूट क्रमांक संबंधित रंग के साथ चस्पा करने की समझाइस दी गई। ताकि भविष्य में संबंधित रूट पर ही संबंधित ई-रिक्शा का संचालन किया जा सकें। लेकिन यह प्रयोग भी पूरी तरह से अमल में नहीं आ सका। जिसके चलते सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है।

गौरतलब है कि ई रिक्शा की वजह से शहर में यात्रा व्यवस्था काफी हद तक प्रभावित होती है जिसको सुधारने को लेकर प्रयास हो रहे हैं। शहर में पार्किंग की व्यवस्था विकसित किए बिना बीच सडक़ पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था समाप्त करने से शहर में परेशानी और बढ़ गई है और बीच सडक़ पर पार्क होने वाले वाहन अब दुकानों के सामने पार्क होने लगे हैं। जिसके कारण शहर में आवागमन और भी मुश्किल हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि कटनी शहर यातायात सुधार की प्रयोगशाला बन गया है। कुछ न कुछ नया प्रयोग करके बेपटरी यातयात व्यवस्था को सुधारने के प्रयास में और समस्या बढ़ जाती है।

गौरतलब है कि आज से करीब 8 साल पहले तत्कालीन पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने शहर में बीच सडक़ पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था लागू कराई थी उस समय यह प्रयोग काफी हद तक ठीक रहा। खरीददारी करने आने वाले लोगों को वाहन भी पार्क करने में सहूलियत होती थी लेकिन एक बार फिर यह व्यवस्था समाप्त करने का निर्णय लिया गया जो विफल रहा। शहर में पार्किंग व्यवस्था विकसित किए बिना यातायात को सुगम बनाने की मंशा जरा मुश्किल है।

# लाइनमैन दिवस पर कटनी में लाइनमैन सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र की अति उच्च दाब विद्युत व्यवस्था एवं भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले एम.पी. ट्रांस्को (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर प्रकट करने एम.पी. ट्रांस्को कटनी में 04 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इसके तहत कटनी सहित एम.पी. ट्रांस्को के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंनटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर लाइनमैनों को सम्मानित किया गया एवं सभी ने जीरो हार्म थीम पर सुरक्षा शपथ ली। कटनी ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालय में जबलपुर से विशेष तौर पर नियुक्त किये गए अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री प्रवीण गार्गव ने कटनी क्षेत्र की पावर ट्रांसमिशन लाइनों का मेंटेनेंस करने वाले लाइन कर्मियों को तिलक लगाकर, श्री फल भेंटकर और फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया तथा एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी के संदेश का वाचन किया।

लाइनमैन दिवस पर प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि एम पी ट्रांसको के लाइनमैन न सिर्फ स्वयं सुरक्षित वातावरण में कार्य करें परन्तु यदि कोई खामी उन्हें दिखाई देती है तो उसे तत्काल इंगित करें और कंपनी में सुरक्षित कार्यशैली स्थापित करने में अपनी सहभागिता करें। लाइनमैन दिवस पर अपने संदेश में कहा कि हमारे लाइनमैन साथी संपूर्ण मनोयोग से जटिल भौगोलिक एवं विपरीत जलवायु परिस्थितियों की चुनौती को सहज भाव से स्वीकार करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं उन्होंने कहा कि इन सभी लाइनमैन साथियों के समर्पण भाव के कारण ही एम पी ट्रांसको देश की अग्रणी पारेषण कंपनी का उत्कर्ष प्राप्त कर सकी है

उन्होंने आव्हान किया कि वरिष्ठ लाइनमैन साथी अपने कनिष्ठ साथियों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान करें ताकि भविष्य में भी कंपनी इसी उत्कृष्टता को बनाए रख सके। साथ ही लाइनों पर कार्य करते समय निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रुप से उपयोग करें । लाइनमैन दिवस के अवसर पर सभी लाइनमैन के समर्पण भाव का सम्मान करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं कुशल जीवन की कामना की। लाइन कर्मियों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

### यातायात पुलिस द्वारा शुरू किया गया अभियान

# जुर्माना की जगह अब हेलमेट खरीदने वाहन चालकों को किया जाएगा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



यातायात अमले द्वारा अब एक नया नवाचार किया गया है। दरअसल दोपहिया वाहन चालकों पर अब जुर्माना की बजाये हेलमेट खरीदने कहा जाएगा। ऐसा करने के लिए पुलिस बकायदा हेलमेट का स्टॉल भी लगाया जाएगा। यह पहल गत दिवस हुए जन संवाद कार्यक्रम में रखे गये सुझाव के बाद अमल में लाया गया। यातायात विभाग ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर मंगलवार से नो चालान ओनली हेलमेट अभियान की शुरुआत कर दी गई है। इस अभियान के अंतर्गत अब यातायात विभाग के द्वारा सड़क पर बिना हेलमेट फर्राटा भरने वाले बाइक सवारों को पकड़ कर उनका चालान करने की बजाय उन्हें हेलमेट खरीदने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

नो चालान ओनली हेलमेट अभियान के तहत यातायात थाने के सामने हेलमेट का स्टाल लगाकर वाहनों की जांच कार्यवाही का सिलसिला प्रारंभ किया गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे दो पहिया वाहन सवार आमजन, अधिवक्ता, पुलिसकर्मी, वन विभाग कर्मी एवं अन्य लोगों को रोककर उन्हें समझाएं देते हुए स्टॉल से हेलमेट खरीदवाए गए।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि नो चालान ओनली हेलमेट अभियान अब यातायात विभाग के द्वारा निरंतर चलाया जाएगा। अलग-अलग स्थान पर स्टाल लगाकर लोगों को हेलमेट खरीदवाए जाएंगे। अभियान के दौरान प्रथम दिन यातायात थाना प्रभारी स्वयं वाहनों की जांच के दौरान मौजूद रहे और उन्होंने बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को समझाइए देते हुए कहा कि आपकी जान हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारा उद्देश्य चालान करना नहीं बल्कि आपको सुरक्षित आपके गंतव्य तक पहुंचना है।

अभियान के दौरान मुख्य रूप से यातायात थाने में पदस्थ सूबेदार संजीव रावत, एएसआई अशोक चौहान, संदीप बाल्मिक, चंद्र भूषण दुबे, आरक्षक राजकुमार, दीपक सिंह, रत्नेश दुबे की उपस्थिति रही।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शील्ड से किया पुरस्कृत



शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में मंगलवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं के द्वारा गायन, गीत, नृत्य सहित अनेकों सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। मनमोहक प्रस्तुतियों पर उपस्थित जनों ने छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।महाविद्यालय प्राचार्य ड़ॉ. रतिराम अहिरवार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर पुरूस्कृत किया गया। इस दौरान सरपंच रुग्गो बाई कोल, सुनीता शर्मा, विनीता हल्दकार, अमित राय, रमेश राय, प्रमोद महोबिया, रघुवीर महोबिया, मणिकेश्वर राय, सतेन्द्र सिंह राजपूत सहित महाविद्यालय परिवार व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# खटारा पिकअप में मजदूरों को ले जा रहे चालक पर कार्यवाही, वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मिशन चौक पर यातायात पुलिस ने एक खटारा पिकअप को पकड़ा जिसमें 20 से अधिक मजदूर सवार थे जांच कार्यवाही के बाद यातायात पुलिस ने पिकअप को जप्त कर लिया और उसमें सवार मजदूर को दूसरे वहां से उनके गंतव्य तक निशुल्क भिजवाया।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि देर शाम वाहनों की जांच करते हुए यातायात पुलिस के द्वारा माल वाहक वाहन क्रमांक एमएच 49डी 718 2 को मजदूर लेकर जाते हुए पकड़ा गया। पकड़े गए वाहन में 20 से अधिक मजदूर सवार थे। सभी मजदूर डिंडोरी जिले के ग्राम पंडरई के रहने वाले थे जो कि वर्तमान में कैलवारा खुर्द में रहकर झलवारा स्थित रेलवे साइड में मजदूरी का काम कर रहे थे।

यातायात थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि जिस मालवाहक वाहन से मजदूरों को लेकर जाया जा रहा था उसके चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था और गाड़ी का फिटनेस भी नहीं था। वाहन को जप्त कर लिया गया और मजदूरों को अन्य वाहनों से निःशुल्क उनके गंतव्य तक भिजवाया गया। इसके साथ ही मजदूरों को यह भी समझाइए दी गई कि वह अपनी जान में जोखिम डालकर इस तरह माल वाहक वाहनों से सफल न करें।

कार्यवाही में यातायात थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक राहुल पांडे सहायक उप निरीक्षक ईश्वर दास, बागरी, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र सिंह, राजेश मरावी, आरक्षक मनोज द्विवेदी, राजकुमार, दीप कुमार गौतम की प्रमुख भूमिका रही।

### खसरे को ई केवायसी सत्यापित समग्र आईडी से लिंकिंग के निर्देश

# समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी पूर्ण करने 15 मार्च तक विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समग्र पोर्टल में नागरिकों के "समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी" शत-प्रतिशत कराये जाने का लक्ष्य है। इस उद्देश्य से एक से 15 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही इस दौरान भू-स्वामी द्वारा आधार सत्यापित समग्र को राजस्व भू-अभिलेख (खसरे) से लिंकिंग का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाना है।

नागरिकों के लिये समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर के कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यमों से किया जा रहा है। साथ ही यह कार्य सीधे समग्र पोर्टल ऐंउंहतंण्हवअण्पद एवं समग्र मोबाइल एप पर भी किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में नागरिकों की जानकारी का सत्यापन उनके आधार, आईडी विवरण के अनुसार किया जाता है। समग्र पोर्टल पर समग्र आईडी एवं आधार की जानकारी का शत-प्रतिशत मिलान होने पर ई-केवायसी की प्रक्रिया स्वतः पूर्ण हो जाती है। यदि समग्र एवं आधार की जानकारी में अंतर है तो यह प्रक्रिया ग्राम पंचायत एवं वार्ड प्रभारी द्वारा सत्यापन के बाद पूरी की जाती है। आधार में त्रुटि होने पर ई-केवायसी कराने से पहले आधार सुधरवाना चाहिए। नागरिकों के लिये ई-केवायसी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। कियोस्क एजेन्सी को प्रति सफल ट्रांजेक्शन के लिये एमपीएसईडीसी द्वारा 18 रूपये प्रति ट्रांजेक्शन दिया जायेगा। ई-केवायसी हेतु जिलेवार, स्थानीय निकायवार, वार्डवार एवं ग्राम पंचायतवार समग्र धारकों की सूची पोर्टल पर उपलब्ध है।

समग्र पोर्टल पर एक अलग मॉड्यूल के माध्यम से केवल ई-केवायसी सत्यापित समग्र आईडी को भूमि से जोड़ने के लिये अनुरोध दर्ज कराया जा सकेगा। यह प्रक्रिया समग्र पोर्टल पर मेन्यू "समग्र से भूमि लिंक करें" पर जाकर की जा सकेगी। यह प्रक्रिया भी एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर के कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यमों से की जा सकती है। साथ ही यह कार्य सीधे समग्र पोर्टल एवं समग्र मोबाइल एप पर भी किया जा सकता है। यह प्रक्रिया भी पूरी तरह से निःशुल्क है। पटवारी द्वारा सत्यापन के बाद 6 रूपये प्रति खाता एमपीएसईडीसी द्वारा कियोस्क एजेन्सी को दिया जायेगा।

समग्र आईडी से लिंक्ड आधार नंबर पर यदि कोई भू-स्वामी एवं खसरा पहले से लिंक पाया जाता है तो संबंधित भू-स्वामी व खसरा विवरण की जानकारी स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी। उपयोगकर्ता द्वारा जिला, तहसील, गांव और सर्वे नंबर का चयन करके भू-स्वामी का विवरण देखने हेतु सबमिट किया जाएगा। इस जानकारी के अनुसार केवल वही रिकॉर्ड प्रदर्शित हो सकेंगे जो कि पटवारी द्वारा परिमार्जित किए गए हैं। समग्र में उपलब्ध प्रथम नाम खसरे में उपलब्ध भू-स्वामी के प्रथम नाम से 100 प्रतिशत मिलान होने वाले भू-स्वामी की जानकारी ही प्रदर्शित होगी। प्रथम नाम ना मिलने की स्थिति में केवल विवरण प्रदर्शित होगा परंतु इसका चयन नहीं किया जा सकेगा।

### जिपं सीईओ ने जनसुनवाई में आये 137 आवेदकों की सुनी समस्यायें

# गैरहाजिर अधिकारियों पर कार्यवाही करने सीईओ ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मंगलवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की भांति आज भी कलेक्ट्रेट कार्यालय में 137 आवेदनों पर जनसुनवाई हुई। जनसुनवाई में जिले भर से स्थानीय और दूरदराज से आए आवेदकों की समस्याओं को जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने अत्यंत संवेदनशीलता और धैर्य के साथ सुनते हुए आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए कुछ अनुपस्थित विभागीय जिला अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी को दिए। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा और डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी ने भी स्थानीय एवं दूरदराज से आये आवेदकों के आवेदनों पर एक-एक कर सुनवाई की। स्थानीय स्तर पर तत्काल समाधान हो सकने वाले आवेदनों में अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई मे ग्राम जारारोडा तहसील विजयराघवगढ़ निवासी गोविंद चौधरी पिता की फौत होने उपरांत उनके हक्क स्वामित्व की भूमि को आवेदक के नाम पर दर्ज करनें संबंधी आवेदन पर सुनवाई उपरांत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ की ओर प्रकरण उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

श्रमधान कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कैमोर के सेवानिवृत्त फर्राश पद पर पदस्थ रामगोपाल केवट के पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अर्जित अवकाश नगदीकरण का प्रकरण लंबित होने संबंधी आवेदन पर अधिकारियों द्वारा सुनवाई पश्चात आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु श्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया। कैलवारा खुर्द निवासी 60 वर्षीय छन्नू लाल कुशवाहा ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है तथा पैर में बीमारी की वजह से चलने फिरने में होने वाली दिक्कतों के निराकरण हेतु मोटराईज्ड ट्रायसाईकल की मांग पर सुनवाई उपरांत सामाजिक न्याय विभाग की ओर आवेदन उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया।

जनसुनवाई के दौरान फारेस्टर वार्ड जयहिंद चौक निवासी ज्योति चौधरी द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने, ग्राम केवलारी पोस्ट हीरापुर कोडिया निवासी मालती विश्वकर्मा द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने बावत, बरहटा के राशन दुकान के सेल्समेन को हटाने संबंधी अन्य आवेदनों पर एक- एक कर सुनवाई उपरांत संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल समाधान न हो सकने वाले आवेदनों में समय-सीमा निर्धारित कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने हेतु अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया। इस दौरान अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# थाना व चौकी क्षेत्र की सीमाओं का किया गया निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जन सुविधाओं एवं राजस्व सीमाओं के हिसाब से थाने एवं चौकी की सीमाओं का निर्धारण करने के लिए विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा थाने एवं चौकियों के पुनर सीमा निर्धारण के निर्देश दिए थे। प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के आधार पर विगत माह कटनी जिले की 61 गांव एवं शहरी क्षेत्रों को दूसरे थाना क्षेत्र में शामिल करने के प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजे गए थे। जिले से भेजे गए प्रस्ताव पर राज्य सरकार ने मोहर लगा दी है।

राज्य सरकार एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा आदेश प्राप्त होने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने जिले के सभी थाना प्रभारी को अब परिवर्तित थाना क्षेत्र के हिसाब से क्षेत्राधिकार ग्रहण करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

जिला मुख्यालय के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए राज्य सरकार ने अब तक कुठला थाना क्षेत्र में शामिल बस स्टैंड चौकी को कोतवाली थाने का हिस्सा बना दिया है।

इतना ही नहीं कुठला थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांव अब कुठला थाना क्षेत्र से हटके बस स्टैंड चौकी में शामिल हो चुके हैं।

नवीन आदेश के मुताबिक कुठला थाने में सबसे अधिक गांवों को शामिल किया गया है। कुठला थाने में अब पांच गांव ऐसे शामिल किए गए हैं जो अब तक रीठी थाने में शामिल थे। जबकि विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में शामिल 15 गांव को भी विजयराघवगढ़ थाने से हटाकर कुठला थाना क्षेत्र में शामिल कर दिया गया है। इसके अलावा कोतवाली थाना क्षेत्र का तिलियनपार भी अब कुठला थाने का हिस्सा होगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा युवा मोर्चा मण्डल गुनौर की बैठक सम्पन्न हुई

**गुनौर।** गुनौर मंडल के युवा मोर्चा के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र ओमरे के नेतृव में सम्पन्न हुई लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल गुनौर की कामकाजी बैठक प्रेम प्रतीक पैलेस गुनौर में संचालित लोकसभा चुनाव कार्यालय में दिनांक 04-03-2024 को दोपहर 2:00 बजे अति आवश्यक बैठक आहूत की गई उक्त बैठक में। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता श्री श्रीकांत त्रिपाठी जी भाजपा मंडल महामंत्री डीपी पांडे जी वरिष्ठ नेता श्री राजेंद्र त्रिपाठी मीडिया प्रभारी राजेंद्र चौबे युवा मोर्चा मंडल महामंत्री राजेंद्र पटेल बृजेश सिंह राजपूत सत्येंद्र परोहा अमर चतुर्वेदी गुड्डू यादव सहित युवा कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे

### सार्वजनिक वितरण का ब्लैक खाद्यान्न ग्रामीणों ने पकड़ा

**पन्ना।** पूरे क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कार्य प्रणाली पर ग्रामीणों द्वारा शिकायतें तथा प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं क्योंकि आए दिन सेल्समैन द्वारा गरीबों की हकों का अनाज कटौती कर बाजारों में भेज दिया जाता है यह बात किसी से छिपी नहीं है हफ्ते 10 दिन में पवई तहसील प्रांगण पर कहीं ना कहीं के ग्रामीण अपनी फरियाद सुनने के लिए पहुंचते हैं इस तारीख में आज ग्राम सेमरा खुर्द के आधा सैकड़ा से अधिक लोग एवं सरपंच एसडीएम कार्यालय पवई पहुंचे यहां पर उन्होंने तहसीलदार प्रीति पंक्ति को ज्ञापन सोपा ज्ञापन में कहां गया है कि सेल्समेन संतोष कोरी द्वारा सार्वजनिक वितरण की दुकान सिमरा खुर्द से आठ कट्टी चावल निकाल कर किसी अन्य दुकान पर रख दिया गया था जिसको ग्रामीणों ने देखा एवं ताला तोड़कर पुलिस की 100 नंबर गाड़ी बुलाई एवं ग्रामीणों ने ही सरपंच की मौजूदगी में उक्त चावल को जप्त किया उक्त घटनाक्रम की शिकायत लेकर आज समस्त ग्रामीणों ने रोस व्यक्त किया तथा आरोपी सेल्समैन को तत्काल हटाए जाने की मांग प्रशासन से की उन्होंने बताया कि संपूर्ण घटना की जानकारी खंड अधिकारी महेश सिंह को दे दी गई थी लेकिन उन्होंने नजरअंदाज किया तब मजबूर होकर ग्रामीणों को एसडीएम पवई की शरण लेनी पड़ी।

### असंख्य शिव लिंग निर्माण शिवार्चना का भव्य अनुष्ठान

# कलश यात्रा के साथ श्री कामता नाथ मंदिर में श्रीराम कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

चंडी चोपरा ग्राम के पिपरहा नाला स्तिथ श्री कामता नाथ शिव मंदिर श्री राम कथा प्रवचन एवं भव्य असंख्य शिवलिंग निर्माण महाभिषेक के भव्य आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्री राम कथा भक्ति महोत्सव के प्रथम दिवस महामंडलेश्वर उद्धव दास जी महाराज उज्जैन ने कहा कि जीवन में लक्ष्य जरूर निर्धारित करना चाहिए। यदि यह संसार गहरा सागर है तो श्रीराम कथा इस संसार से पार लगाने वाली नौका है। रामकथा महामोह रुपी महिषासुर के मर्दन के लिए काली स्वरूप है। मोह की निवृति होने पर राम कथा के प्रति अनुराग स्व उत्पन्न हो जाता है। यदि यह संसार गहरा सागर है तो श्रीराम कथा इस संसार से पार लगाने वाली नौका है। श्री कामतानाथ शिव मंदिर भक्त मंडली द्वारा आयोजित श्री रामकथा महोत्सव के प्रथम दिन कथावाचक मंडलेश्वर उद्धव दास जी महाराज ने कहा कि जीवन में लक्ष्य जरूर निर्धारित करना चाहिए। इसके लिए गुरु का आश्रय लेना चाहिए। कथा के प्रथम दिवस



भारद्वाज प्रसंग से कथा प्रारंभ करते हुए शंकर सती कथा प्रसंग में कहा कि सती द्वारा राम की परीक्षा लेने के बाद जब सती शंकर के पास पहुंची। शंकर के मन में सती को स्वीकार करने में दूविधा हो गई कि सती को प्रेम करने में पाप है उन्हें छोड़ते भी नहीं बनता है प्रभु का स्मरण किया। जब भी जीवन में कभी संशय या दुविधा हो तो अपने



प्रभु इष्ट देव का स्मरण करें। पहला विचार मन में आए वैसा करना चाहिए। शंकर पार्वती प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि पार्वती जी ने नारद के कहे अनुसार तप किया। प्रारब्ध को कोई मिटा नहीं सकता उसे कोई मिटा या कम कर सकता है तो वह केवल संत ही है जो भावी अर्थात भविष्य में घटित होने वाली अप्रिय घटनाओं को मेट सकते हैं अर्थात समाप्त कर सकते हैं, क्योंकि सच्चे और निर्मल मन के संतों के पास अर्जित पुण्य होता है। श्री राम कथा के दौरान सुबह असंख्य शिव लिंग निर्माण महाभिषेक का भव्य आयोजन होता है जिसमे शिवार्चन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 09 मार्च 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएबिल इंस्ट्रूमेन्ट एक्ट के अंतर्गत चैक बाउन्स प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य लंबित एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण दोनों पक्षों की सहमति एवं सुलह के आधार पर किया जायेगा। जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अम्बुज पाण्डेय ने बताया कि उक्त नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन हेतु जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया हेतु 01 न्यायाधीश/पीठासीन अधिकारी एवं 01 सुलहकर्ता सदस्यों को रखा जाकर कुल 12 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जो पक्षकारों को सुलह, समझाईश से प्रकरण का निराकरण कराये जाने का प्रयास करेगी। साथ ही आपने बताया कि नेशनल लोक अदालत हेतु विद्युत एवं नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा प्रकरणों में छूट दी जा रही है जो मात्र नेशनल लोक अदालत में राजीनामा करने पर ही प्राप्त होगी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने समस्त पक्षकारों से आग्रह करते हुये कहा है कि 09 मार्च 2024 को लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराये।

## राष्ट्रीय पुरस्कार अलंकरण समारोह में नारायण अहिरवार सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

फरबरी माह के अंतिम सप्ताह में राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में आयोजित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अलंकरण समारोह में दमोह के बेटे महज 20 साल की उम्र में नारायण रामानंद अहिरवार पिता कौड़ी लाल (रिटायर्ड फौजी) ने बुंदेलखंड का नाम फिर से गौरवान्वित किया और कम उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले पहले युवा नागरिक बने। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अर्जित किया। **ICCW Prime minister's National creator's award** के नॉमिनेशन के बाद राष्ट्रपति द्वारा प्रोफाइल चिन्हित कर सामाजिक सेवा एवं बाल कल्याण समिति और **BOC** की सहमति से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार का खिताब अर्जित किया। देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति श्रीमति द्रोपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित कर राष्ट्रपति भवन का प्रतीक चिह्न व मेडल नारायण को प्रेषित किया गया। महामहिम ने दोपहर की शाही दावत में शामिल होने का मौका भी दिया। साथ ही साथ सभी वरिष्ठ नेताओं एवं गांव के वरिष्ठ जनों ने हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा भी नारायण ने कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं जैसे - राष्ट्रीय उद्यमी पुरस्कार, विशेष सेवा पदक 2022, मुख्यमंत्री मेधावी सम्मान, बेस्ट कैडेट पुरस्कार इत्यादि। नारायण ग्राम बांसा तारखेडा के निवासी और नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के छात्र हैं। और इन्होंने स्कूली शिक्षा बाहर जैसे मुंबई में अध्ययन पूर्ण किया है।

## माता-पिता होते हैं साक्षात भगवान: पं रमेश प्रसाद मिश्रा

**बनवार।** गृहस्थी में घर एक मंदिर होता और माता-पिता साक्षात भगवान होते हैं। इनकी उपेक्षा ईश्वर की उपेक्षा होती है। माता-पिता की उपेक्षा करके मंदिर-कथा, भागवत जाने से कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। यह बात राजघाट मुंडारी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दी पंडित रमेश प्रसाद मिश्रा जी महराज ने कही। उन्होंने कहा कि आजकल लोग अपने माता-पिता को



नजरअंदाज कर मंदिर-कथा, भागवत, तीर्थ आदि करते हैं। उन्हें शायद यह पता नहीं है कि माता-पिता इस धरती के साक्षात ईश्वर होते हैं। अगर वह दोनों नहीं होते तो मनुष्य इस धराधाम पर नहीं आ पाते। कथावाचक ने कहा कि नारी घर की लक्ष्मी मानी जाती है और उसी की शक्ति से ही गृहस्थ जीवन को उर्जा प्रदान होती है। लोग घर की देवी को नजरअंदाज करके उसका अपमान करते हैं। वह भूल जाते हैं कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां पर देवता हमेशा निवास करते हैं। जहां पर नारी अपमान होता है, वहां पर कभी सुख-समृद्धि नहीं आती है। कथावाचक ने आगे कहा कि ईश्वर सभी का परमपिता होता है लेकिन जहां जन्म देने वाले माता-पिता का तिरस्कार होता है, वहां भगवान एक क्षण भी नहीं रुकते हैं। मनुष्य भगवान को इधर-उधर खोजता रहता है लेकिन उसे पता नहीं कि वह खुद ईश्वर का लघु रूप है। अपने कर्मो से मानव से महामानव व देवमानव बनकर ईश्वर के निकट पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण भगवान के जन्म लेने से पहले ही सारे देवी देवता ग्वाले और गाय बनकर धरती पर आ गए थे। उन्होंने कहा कि कंस के विनाश की भूमिका तो तभी बन गई थी जब उसने अपने पिता को बेगुनाह जेल में डाल दिया और बहन-बहनोई के रिश्ते को कलंकित कर दिया था। अपनी बहन के बेगुनाह बच्चों की हत्या करके उसने आग में घी डालने जैसा अपराध कर डाला। हद तो तब पार हो गई जब उसने कन्या रूपी भगवान की महामाया का वध करने की कोशिश की।

## सौंदर्यीकरण की लाइट महीनों से बंद



**पथरिया।** नगर में पिछले वर्षों में स्टेशन से थाना तिराहे तक बनी सड़क मार्ग पर सौंदर्यीकरण के लिए लाइट लगाई गई लेकिन सोचने वाली बात है कि लगने के कुछ दिनों बाद से ही एक तरफ की आधी लाइट बंद है पर कोई ध्यान नही दिए जाने से रात्रि में अंधेरा छाया रहता है जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## विदाई समारोह सह पुरस्कार वितरण सम्पन्न



**दमोह।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय घांघरी में कक्षा सातवी के बच्चो द्वारा कक्षा आठवी के बच्चो को विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती देवी की पूजा अर्चना से की गई, बच्चो द्वारा सरस्वती गीत और स्वागत गीत गाया गया। सभी बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये, सभी शिक्षकों और सभी बच्चो के अभिवावको द्वारा छात्रों की परीक्षा की शुभकामनाए दी गई। कार्यक्रम में आनंद उपाध्याय सुनील उपाध्याय, टेकसिंह डीलर चेन सिंह नथ्थू सिंह, अटारी वारे उपसरपंच, राजेश उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, हजारी प्रसाद रजक, मुकेश विश्वकर्मा, हल्काई सिंह पीयूष बमदेला, सत्येंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



## लोकगीत भजन रिकार्डिंग किए गए

**दमोह।** जिले की तहसील पथरिया की ग्राम पंचायत बांसा कला के लेखक, साहित्यकार, वरिष्ठ लोकगीत गायक घूमन प्रसाद कुशवाहा द्वारा महाशिवरात्रि, होली पर्व एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकगीतों की रिकार्डिंग आकाशवाणी केंद्र छतरपुर में की गई। जिसका प्रसारण 20 मार्च 2024 को आकाशवाणी केंद्र छतरपुर से शाम 6 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर घूमन प्रसाद कुशवाहा के साथ मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह की नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति के अध्यक्ष घनश्याम पटेल, मोहन लाल पटेल, धनीराम पटेल, भरत लाल, गिरधारी, मदन, खुमान पटेल आदि टीम के साथी उपास्थित रहें।

## वर्षगांठ पर रूद्रचंडी यज्ञ के साथ भजन संध्या का आयोजन

**हटा।** नगर के रामगोपाल जी वार्ड निवासी गंगेले परिवार द्वारा मंदिर में विराजमान मां उदेष्यवरी माता की 20 वीं बर्ष गांठ के अवसर पर




प्रतिवर्षानुसार की भांति इस बर्ष भी रविवार को सुबह की बेला में माता का अभिषेक पूजन व रूद्रचंडी यज्ञ संपन्न कराया गया।वही इस धार्मिक आयोजन में सत्यनारायण कथा के उपरांत सायंकाल बेला में देवी भजनों की प्रस्तुति के साथ महाआरती के दौरान फूलो की होली का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित माता के भक्तो द्वारा उनके दरबार में अपनी हाजिरी लगाकर जमकर आतिशबाजी करते हुए फूलो की होली खेलकर मां के जयकारे लगाए गए । आयोजन में मां के भक्तो का दिन भर मंदिर में माता के दर्शन करने तांता लगा रहा।

## पूर्व कृषि मंत्री बने सिंगर, शादी समारोह में आर्केस्ट्रा के साथ गाये फिल्मी गीत

**हटा।** बुंदेलखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व सांसद व पूर्व कृषि मंत्री प्रदेश के पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया बाबा जी कुछ समय से अपने राजनीतिक व पार्टी के शासकीय कार्यक्रमों के




आयोजनों को लेकर अपनी सक्रियता दिखाते हुए सोशल मीडिया पर उनके वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं ऐसा ही उनका एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह एक शादी समारोह के खुशनुमा माहौल में फिल्मी गाने गाते हुए दिखाई दे रहे हैं। दरअसल 80 की उम्र पार कर चुके पूर्व कृषि मंत्री बाबा जी नगर के रसूल खान मेडिकल वालों के बेटे आमिर की शादी के आशीर्वाद समारोह में पहुंचे जहां पर आर्केस्ट्रा कार्यक्रम चल रहा था जिसे देखकर बाबा जी ने पुराने अंदाज में चुटकियां लेते हुए स्टेज पर पहुंचकर आर्केस्ट्रा के कलाकारों के साथ फिल्मी गानों पर थिरकते हुए प्यार भरे फिल्मी गीत गाकर समारोह में उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। जिसका लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

## कल्चुरी कालीन शिव मंदिर में चल रहा है रुद्राभिषेक एवं रामचरित्र मानस पाठ



**तेंदूखेड़ा।** तहसील मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर कैकरा नदी के तट पर स्थित कोडल ग्राम में लगातार नवें वर्ष प्राचीनतम ग्यारहवीं शताब्दी के कल्चुरी कालीन शिव मंदिर में रुद्राभिषेक एवं रामचरित्र मानस पाठ चल रहा है। इसी क्रम में प्रतिदिन प्रातः काल श्री शिव जी का महा रुद्राभिषेक किया जाता है जिसे आचार्य प्रेमनारायण शास्त्री एवं नरोत्तम शुक्ला जी कराते है । सायं कालीन बेला में झांसी से पधारे महेंद्र शास्त्री एवं बागेश्वर धाम से पधारी रजनी देवी अपनी अमृतमय वाणी से राम कथा का रसपान कराती है। शिव सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दूर दराज क्षेत्र से भक्तगण रामकथा श्रवण करने आते हैं । यह आयोजन स्वर्गीय लक्ष्मी प्रसाद यादव द्वारा आठ वर्ष पूर्व शुरू किया था जबसे निरंतर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## वन परिक्षेत्र मोहन्द्रा, रैपुरा में ग्रामीणों को रोजगार का प्रशिक्षण दिया गया

**पन्ना।** दक्षिण वनमण्डल पन्ना के अंतर्गत संजीव झा (भा.व.से.) वनसंरक्षक छतरपुर वृत्त छतरपुर की एवं पुनीत सोनकर (भा.व.से.) वनमण्डलाधिकारी दक्षिण वनमण्डल पन्ना की विषेष पहल से परिक्षेत्र स्तर पर वनक्षेत्रों के ग्रामीणों को एल एण्ड टी कम्पनी के माध्यम से कौषल विकास का प्रषिक्षण दिये जाने का कार्य किया गया है। जिसके तारतम्य में वन परिक्षेत्र मोहन्द्रा एवं रैपुरा के अन्तर्गत दिनांक 05.03.2024 को वन विभाग के माध्यम से एलएण्ड टी कम्पनी द्वारा रोजगारोन्मुखी षिविर आयोजित किया गया। उक्त प्रषिक्षण में वनक्षेत्रों में निवासरत विषेष रूप से संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के परिक्षेत्र मोहन्द्रा के 166 परिक्षेत्र रैपुरा के 146 बेरोजगार युवाओं को एल एण्ड टी कम्पनी के समन्वयक श्री कमल चंद्रवंषी द्वारा कम्पनी द्वारा प्रषिक्षण दिया ।

# आदवासियों के लिये बुनियादी सुविधाएं से अभी भी दूर की कौड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब और आदिवासी हाशिए पर है ग्रामीण विकास के दावों के बावजूद बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। जहां बुनियादी सुविधाएं दिवास्वप्न है। जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत गोल पट्टी के गांव छेघरा के महुआ घाट मुहल्ले में रहने वाले करीब दो सौ आदिवासियों की परेशानी यह है। आजादी के बाद 76 साल में न बिजली न सड़क गंदे कुएं पानी को पीने के लिए मजबूर है। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह जब इस टोला पहुंचकर लोगों देखा तो हैरान रह गए और ग्रामीणों से पूछा तो उन्होंने बताया न हमारे गांव में पीने के लिए स्वच्छ पानी है, न आने जाने के लिए सड़क है न अभी तक गांव में बिजली पहुंची है। हम लोग लालटेन युग में जी रहे हैं और अब तो स्थिति यह हो गई है शासन से मिलने वाला केरोसिन मिट्टी तेल भी नही मिल रहा है। इस तरह से अंधकार में जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। हमें गेहूं का पिसवाने के लिए 10 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। हमारे बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल तो है लेकिन यहां पर पदस्थ शिक्षक दो शिक्षक में से एक शिक्षक आते है तो दूसरे नही आते एक साथ दोनों शिक्षक स्कूल कभी नहीं आते। हम लोगों ने अधिकारियों से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपनी परेशानी सुनाई है। लेकिन किसी ने भी इस गांव को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किए हैं। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह का आरोप है ग्राम पंचायत गोला के गांव छेघरा के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरकार के द्वारा ग्रामीण विकास के दावे तो खूब किए जा रहे हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब हास्य पर है जहां उनके लिए बुनियादी सुविधाएं दिवास्वप्न बना हुआ है। ग्राम पंचायत गोला पटी सरपंच प्रतिनिधि बबलू यादव का कहना है कि आदिवासी टोला छेघरा महुआघाट को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के लिए कलेक्टर से लेकर मंत्री जी तक गुहार लगा चुके हैं लेकिन इन आदिवासियों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं हो रहा है क्योंकि यह आदिवासी टोला रेलवे लाइन के उस पार बसा हुआ ग्राम पंचायत गोला पटी में आता है। भौगोलिक स्थिति के चलते इस गांव तक बिजली लाइन व पेयजल लाइन का काम पटेरा जनपद की ग्राम पंचायत गाड़ाघाट के द्वारा ही किया जा सकता है। जहां तक सड़क की बात है बिजली लाइन के लिए वह सड़क निर्माण के लिए वन विभाग के द्वारा एनओसी प्राप्त नहीं हो रही है। कई बार पूरी बस भरकर ग्रामीणों को कलेक्टर साहब के समक्ष अपनी समस्या सुनने के लिए खड़ा कर चुका हूं लेकिन इन आदिवासी ग्रामीणों की समस्या समाधान की ओर किसी का ध्यान नहीं है। यह बात सही है आजादी के बाद इस आदिवासी टोला की रह वासियों के लिए बुनियादी सुविधाऐं दूर की कौड़ी बनी हुई है।

## रामकथा का हुआ समापन



**दमोह।** नरसिंहगढ़ के राम मंदिर में चल रही संगीत गयी श्री रामकथा के अंतिम दिवस कथा व्यास पं.नीलमणी दीक्षित एवं उनके साथ बैठे सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पाहार श्रीफल शाल से किया गया। स्वागत करके वालो में नारायण सींग ठाकुर, भगवती श्रीवास्तव विष्णु गुप्ता, विजय बहादुर सिंह, मदन सुमन, डीपी पटेल, भूपेन्द्र आजवानी, अनुज ठाकुर, विजय कर्माकर शामिल थे कथा संयोजक अजय टंडन ने बताया कि 16 वर्षो से प्रतिवर्ष यह कथा राम मंदिर में आयोजित होती है यह कथा पांच वर्ष उनके द्वारा आयोजित की जायेगी। आज की रामकथा में पं.नीलमणी दीक्षित ने बताया कि रावण रूपी अधर्म का वध करने के बाद उन्होनें विभीषण को राजा बनाकर उनका राजतिलक किया उसके बाद चलन विमान कोलाहल होई जय रघुवीर कहे सब कोई सिंहासन अति ऊंचे मनोहर श्री समेत बैठे ता ऊपर उन्होनें बताया कि रामकथा का कभी अंत नहीं होता इस कथा का आयोजन आज यहां तो कल कही और होगी प्रभु श्रीराम की गाथा निरंतर चलती रहती है। दूर दूर से आये कथा श्रोताओं ने भगवान श्रीराम की कथा धैर्य और अनुशासन में सुनी वह यही चाहते है अपने जीवन को आदर्श बनाये कथा के अंत में समस्त धार्मिक बंधुओ को प्रसाद वितरण किया।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में 101 आवेदन आये

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत कलेक्टर कार्यालय में बनाये गये मीटिंग हॉल में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन की समस्याओं को अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 101 आवेदन आये। इस अवसर पर जिलाधिकारियों ने सहभागिता निभाई।

### रक्तदान शिविर में 34 यूनिट रक्त दिया

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के जन्मदिन के मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नोहटा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला पैथोलॉजिस्ट डॉ. अमित प्रकाश जैन अपनी टीम सहित एवं सी.बी.एम.ओ. जबेरा डॉ. डी.के. राय, एम.ओ. शेर सिंह मौर्य मौजूद रहे। आयोजित रक्तदान शिविर दौरान सी.बी.एम.ओ. जबेरा डॉ. डी.के. राय ने बताया इस रक्तदान शिविर में नोहटा क्षेत्र के उत्साही नवयुवको द्वारा 34 यूनिट रक्तदान किया गया। उन्होंने बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में शीघ्र ही ब्लड स्टोरेज यूनिट क्रियाशील की जायेगी। जिससे आपात स्थिति में आमजनो एवं गर्भवती महिलाओं को रक्ताधान आपूर्ति स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो सकेगी।

### 16 हजार 500 रूपये की चालानी कार्यवाही

**दमोह।** जिले में लगातार परिवहन विभाग कार्यवाही कर रहा हैं। इसी क्रम में आज एचएसआरपी की चालानी कार्यवाही की गई। इस सबंध में परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया एक बस बिना फिटनेस के पायी गई। साथ ही 16 हजार 500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कटनी रोड सहित अन्य स्थानों पर रात्रि चैकिंग भी की गई।

### ई-लर्निंग प्रशिक्षण 20 मार्च से

**दमोह।** ई-रिकार्ड डेटा चोरी और साइबर फ्रॉड की घटनाओं को रोकने, कम्प्यूटर-इंटरनेट, मोबाइल, एटीएम, डिजिटल सिग्नेचर, ईमेल, आधार कार्ड के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा आठ दिवसीय साइबर सुरक्षा प्रबंधन पर ई-लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन दो घण्टे ऑनलाइन प्रशिक्षण के दौरान 16 व्याख्यानों की व्यवस्था की गई है। सेडमैप की कार्यकारी संचालक अनुराधा सिंघई ने बताया कि आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर और अन्य आई.टी. कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसमें केन्द्र और राज्य सरकार के इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा पालिसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है, ताकि कार्यालयों में साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क स्थापित कर, उसे बनाए रखा जा सके।

### नर्मदा से जल लेकर निकल रहे कांवड़िए, जगह जगह हो रहा स्वागत

# महाशिवरात्रि को लेकर हजारों कांवडियों के कदम बढ़ रहे बांदकपुर धाम की ओर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

भगवान शंकर की महाशिवरात्रि 8 मार्च को है महाशिवरात्रि पर्व आते है कावड़िया नर्मदा का जल भरकर पैदल चलकर अपने कंधे पर कावर में जलभरकर जागेश्वरनाथ की नगरी जल चढ़ाने बांदकपुर के लिए जाते हैं। देव श्री जागेश्वर नाथ धाम को पहुंचने वाली सड़कों पर इन दिनों बोल बम, जय भोले की गूंज सुनाई दे रही है। दिनभर भगवा वस्त्रों को धारण कर कावड़ लेकर कावड़ियों यात्रियों का आना-जाना बना हुआ है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रोंड बनवार बम्होरी अंचल से हजारों की संख्या कावड़ यात्रा सिंग्रामपुर पहुंची है। जहाँ पुष्प वर्षा के साथ नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया। जिसके तत्पश्चात सिंग्रामपुर से होते पोंडी माला लिंक रोड से आमघाट पोंडी पहुंची है। जहाँ रात्रि विश्राम के वाद आज सुबह देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के लिए आगे बढ़ रहे है। कावड़ यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सिग्रामपुर में यात्रा के दौरान हजारों कावड़िए शामिल हुए जो नर्मदा जल भरकर बांदकपुर के लिए पैदल निकले हैं। जो महाशिवरात्रि पर्व 8 मार्च को बांदकपुर पहुंचकर देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव का अभिषेक करेंगे। कावड़ यात्रा में शामिल महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग भगवा वस्त्र धारण किए भगवान शिव की भक्ति में रंगे हुए और बोल बम जय भोलेनाथ की गूंज के साथ भक्ति संगीत नाचते गाते मन में भगवान जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शनों का भक्ति उत्साह रास्तों की थकान एक पल में दूर कर रहा है। मानो भोले बाबा का बुलावा इन कावड़िए के पैदल यात्रा को भी सुखमय बना रही है।

### डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**दमोह।** देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर बांदकपुर में 8 मार्च को शिवरात्रि के अवसर पर मेला व्यवस्थाओं से सम्बन्धित बैठक की गई जिसमें प्रमुख रूप से डी आई जी सुनील जैन एस पी सुनील तिवारी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश मेहता मंत्री पंकज हर्ष श्रीवास्तव ट्रस्टी अनुराग श्रीवास्तव प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक तहशीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री उपस्थित रहे बैठक के दौरान मेला में आने बाले दर्शनार्थियो की सुविधा को देखते हुये मंदिर परिसर से सौ मीटर की दूरी पर जैसे बाजार चौक झण्डा चौक सहित सम्पूर्ण मेला मंदिर परिसर में किसी प्रकार का कोई भी सांस्कृतिक अथवा स्वागत कार्यक्रम मतलब भीड़ बाला आयोजन नहीं कराये ताकि दर्शनार्थियो यात्रियो को आवागमन में कोई असुविधा ना हो के निर्देश डी आई जी एवं एस पी सुनील तिवारी के द्वारा दिये गये।

### महाशिवरात्रि पर 72 साल बाद बन रहा है खास संयोग

**बनवार।** पंचांग के अनुसार, हर साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। इसके चलते हर माह में मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है और फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि मनाते हैं। इस साल महाशिवरात्रि 8 मार्च 2024 शुक्रवार के दिन मनाई जा रही है। इस दिन कई शुभ संयोग बन रहे हैं। जिसके चलते इस बार शिवरात्रि की पूजा भक्तों के लिए अत्यधिक लाभकारी हो सकती है। इस बार महाशिवरात्रि पर शिव योग, सिद्ध योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, श्रवण धनिष्ठा नक्षत्र चंद्र योग, और सूर्य शनि बुध की युति का संयोग निर्माण हो रहा है. इन चार योगों का एक ही दिन पर बनना अद्भुत संयोग है. इसके अतिरिक्त महाशिवरात्रि के दिन ही शुक्र प्रदोष व्रत भी रहेगा. महाशिवरात्रि प्रदोष व्रत जब शुक्रवार के दिन बनता है।

### 5 से 6 हजार कांवड़ियों का जत्था पहुंचा, हुआ भव्य स्वागत



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को 5-से 6हजार कावरियो का जगह जगह स्वागत कर जलपान एवं भोजन की व्यवस्था धार्मिक बांधुओ द्वारा की गई है। इसी तारतम्य में नरगुँवा ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों द्वारा नगर के बस स्टैंड पर धर्म प्रेमी बंधुओ द्वारा ग्राम पंचायत बम्हौरी पाँजी में समस्त ग्रामवासियों के द्वारा कावड़ियों का स्वागत कर जलपान कराया गया। इस दौरान ग्राम के पूर्व सरपंच संतोष यादव सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। इतना ही नहीं सोमवार की शाम कावड़ियों के लिए रूकने एवं सोने की व्यवस्था के साथ क्षेत्र में कई जगह भोजन इत्यादि भी कराया गया थी। मंगलवार की सुबह से इतनी आस्था ऐसी की धूप में नंगे पाव पेदल चल रहे कावड़िया बम बम भोले ,जय श्री राम के नारों का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। हजारों की संख्या में कावड़िया लोग जिसमें महिला पुरुष बच्चे शामिल हैं। नर्मदा भेड़ाघाट से जल भरकर बांदकपुर शिव शंकर जी के विवाह में शामिल हो रहे हैं। कुछ कांवरियों ने बताया कि जब बाबा भोले नाथ को सवा लाख कावर चढ़ जाती है तो शिव जी के मंदिर एव पार्वती के मंदिर के ऊपर लगे झंडे की अपने आप गाँठ जुड़ जाती है। इसलिए श्रद्धलुओं की लंबी कतार बांदकपुर जा रही हैं।ग्राम हर्रई ओर तेजगढ़ के लोगो ने मिलकर सभी कावरियों को रोककर स्वागत किया और स्वल्पाहार करवाया।रात्रि विश्राम हर्रई में हुआ जहा कावरियों के मेला में भक्तों ने भजन कीर्तन किया ।यात्रा में हर्रई सिंगौरगढ़, तेजगढ़, गोरखा, मोहड़, पतलोनी,खामखेड़ा,झालोन राजघाट, खमरिया, आदि दमोह जिले सहित अन्य जिलों से भी बड़ी आस्था से लोग कावर लेकर बांदकपुर जाते है।

## टीमों का प्रशिक्षण संपन्न



**दमोह।** दमोह में बरपटी स्थित मॉडल कॉलेज दमोह में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत एफ.एस.टी. एवं एस.एस.टी. टीमों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से ईएसएमएस पर कार्य करने के लिए सावधानी से प्रशिक्षण लेने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, सहायक नोडल मुकेश द्विवेदी, सहायक नोडल प्रशिक्षण सैयद नदीम उल हसन, सौरभ सेलट, मोहन राय, मुकेश गुजरे व दिलीप जोशी ने सभी सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया। ई गवर्नेंस से हर्षा मिश्रा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सी-विजिल एप के संबंध में मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण में पुलिस अधिकारियों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## पाइप लाइन डालने के बाद खुले छोड़ दिए गड्ढे, गिर रहे मवेशी

### जनता परेशान अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान



**सिंग्रामपुर।** इन दिनों सिग्रामपुर ग्राम में एक कंपनी द्वारा पेयजल पाइपलाइन डालने का काम किया जा रहा है। इसके लिए जगह-जगह गड्ढे खोदे जा रहे हैं। ये गड्ढे कई दिन तक नहीं भरे जा रहे हैं, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। स्तिथि यह है इन गड्ढों मवेशी गिर कर चोटिल हो रहे और दो पहिया वाहनों निकलना मुश्किल भरा है। पाइपलाइन डालने का कार्य ग्राम भर में चल रहा है। मुख्य रास्तों पर बड़े पाइपों की लाइन डाली जा रही है, जबकि गली और मोहल्लों में छोटे पाइप डाले जा रहे हैं। यह कार्य हफ्तों से चल रहा है। खास बात यह है कि गड्ढे खोदकर छोड़ दिए जाते हैं और कई दिन तक भरे नहीं जाते हैं। रानी दुर्गावती तिराहे एक हपत्ते पहले सीसी सड़क के दोनों ओर गड्ढे खोदकर छोड़ दिए जिसमें आज मवेशियों गिर गए और चोटिल मवेशियों को ग्राम वासियों की मदद से बाहर निकाला ग्राम वासियों का आरोप है। एक वर्ष से बीत गए हैं लेकिन अभी तक पाइपलाइन डालने का कार्य इतनी धीमी गति से चल रहा है पूरा नहीं हो पा रहा और पाइप लाइन के खुले गड्ढे सीसी रोड की दुर्दशा ग्राम वासियों के लिए मुसीबत बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है समस्या समाधान के लिए अधिकारियों ठेकेदार से अनेकों बार बात की गई लेकिन लोगों की परेशानी दूर करने की ओर किसी का ध्यान नहीं है।

## मंदिर की हालत दयनीय, जीर्णोद्धार की उठ रही मांग

**गैसावाद।** एक ओर जहा अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण हो जाने से लोगों में खुशी का माहौल निर्मित है वहीं दूसरी ओर ग्राम गैसावाद के शासकीय श्री राम जानकी मंदिर के हाल बेहाल है। मंदिर जीण शीण हालत में पहुंच चुका है जिससे श्रद्धालुओं में मायूसी छाई हुई है प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम में करीबन 800 वर्ष प्राचीन श्री राम जानकी जी का मंदिर क्षतिग्रस्त होने की कगार पर पहुंच चुका है। ग्रामीणों के बताएं मुताबिक यह मंदिर इतना पवित्र है कि इसमें श्री रामचरितमानस के रचयिता बाबा तुलसीदास जी भी ठहर चुके हैं। मंदिर की करीबन 25 एकड़ कृषि भूमि भी है जमीन प्रतिवर्ष दो ढाई लाख रुपए में नीलम होती है नीलामी का सारा पैसा तहसील कार्यालय हटा में जमा होता है। लाखों रुपए कीमत की जमीन के मालिक प्रभु श्री रामजानकी जो जगत के पालनहार है। वही प्रभु मंदिर में भूखे पेट सो रहे हैं शासन की तरफ से भगवान के भोग प्रसाद तक की कोई व्यवस्था नहीं की गई है प्रभु को चना चिरौंजी का भोग प्रसाद ही प्राप्त हो पता है। मंदिर क्षतिग्रस्त होने की कगार पर पहुंच चुका है मंदिर की दीवारें क्रेक हो चुकी है मंदिर परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है यदि कभी बाहर से कोई साधु संत मंदिर आते हैं तो उन्हें ठहरने के लिए एक धर्मशाला तक की व्यवस्था नहीं है। हालांकि कुछ वर्ष पूर्व एक धर्मशाला का निर्माण शासन द्वारा मंदिर परिसर मे कराया गया था लेकिन उस धर्मशाला में हमेशा ताला लगा रहता है जिससे उसका उपयोग साधु संत नहीं कर पाते हैं। मजबूरी बस साधु महात्माओं को खुले आसमान के नीचे ही रात गुजारनी पड़ती है गौरतलब है कि यह प्राचीन मंदिर शासन के अधिकार क्षेत्र में है कलेक्टर महोदय मंदिर के पदेन अध्यक्ष है फिर भी मंदिर के रखरखाव पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि मंदिर की जमीन नीलामी का लाखों रुपया शासन के खजाने में जमा है इसके बावजूद भी मंदिर का समुचित विकास नहीं होना चिंता का विषय है। जानकारी अनुसार शासन द्वारा मंदिर के लिए दीपावली में पुताई के लिए ही राशि दी जाती है। बाकी के समय कोई व्यवस्थाएं नहीं की जाती क्षेत्र का इकलौता श्री राम जानकी मंदिर जर्जर हालत में पहुंचने लगा है। मंदिर का रंग प्रिंट भी उखाड़ने लगा है। मंदिर के अंदर श्री राम जानकी लक्ष्मण जी की संगमरमर की प्रतिमा स्थापित है। ग्रामीणजनों ने शासन एवं प्रशासन से मंदिर का जीणो उदार कराए जाने एवं मंदिर का नवीनीकरण कराए जाने की मांग की है।



## ओमनी व बाईक में भिड़ंत, दो गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नोहटा

सोमवार रात्रि करीब 10 बजे ओमनी एवं मोटरसाइकिल की टक्कर हुई, जिसमें ओमनी में सवार लोगों को मामूली सी चोटें आई है वही मोटरसाइकिल में सवार दो लोगों की हालत गम्भीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 34बी 2716 जो कि नोहटा से बांदकपुर तरफ जा रही थी तथा ओमनी कार क्रमांक एमपी 09 सीए 1531 जो कि बांदकपुर से नोहटा तरफ जा रही थी। करीव रात्रि दस बजे ग्राम साखा भजिया के मोड़ पे दोनो वाहनों की जोरदार भिड़ंत हों गई। घटना की जानकारी लगते ही थाना नोहटा से डायल 100 में ड्यूटीरत आरक्षक कुलदीप सोनी द्वारा तत्काल घटना स्थल पर जाकर घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नोहटा पहुचाया गया जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद दमोह रेफर कर दिया गया तथा जनसहयोग से छतिग्रस्त वाहनों को रोड किनारे कराया। वही उक्त घटना में जगदेव पिता गुठलु वंशवर्ती, एवं इंद्रेश पिता मुकेश वंशवर्ती दोनो निवासी ग्राम साखा भजिया के है तथा ओमनी कर का चालक मौके से फरार हो गया।

## संस्कृति मंत्री ने नहीं काटा केक, रक्तदान करवाकर मनाया जन्मदिन




**दमोह।** मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विधानसभा 56 जबेरा से विधायक श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी पर्यटन संस्कृति धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग मंत्री ने अपने 46 वे जन्म दिवस के अवसर पर गृह निवास नोहटा में पहुंचकर सर्वप्रथम माता-पिता से आशीर्वाद किया इस दौरान उनकी माता कृष्णा बाई ने तिलक लगाकर मंत्री श्री लोधी को आशीर्वाद दिया इस अवसर पर मंत्री श्री लोधी ने माता-पिता के चरणों में प्रणाम करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके गृह निवास पर हजारों क्षेत्र वासियों के साथ जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम रखा गया जिसमें मंत्री श्री लोधी से क्षेत्रवासी यो के द्वारा केक काटने का आग्रह किया जिसको माना करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार हम सभी दीप जलाकर मनाएंगे और उन्होंने 46 वें जन्म दिवस के अवसर पर सभी क्षेत्र वासियों के साथ 46 दीप जलाकर भगवान श्री नारायण मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री श्री लोधी के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युमोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा रक्तदान किया गया जिसमें 34 यूनिट रक्त दान किया गया रक्तदान के लिए युवाओं में बहुत उत्साह देखा गया।

## तहसील स्तर पर सीएम हेल्पलाईन शिकायत निवारण शिविरों 07 मार्च से

**दमोह ।** सीएम हेल्पलाइन (181) पोर्टल पर जिले के राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील स्तर पर सी.एम. हेल्पलाईन शिकायत निवारण शिविरों का आयोजन किया जाना है। यह शिविर समस्त तहसील के कार्यालय परिसर में प्रातः 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने बताया शिविर 07 मार्च को तहसील दमोह, दमयंतीनगर के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह आर.एल. बागरी, 08 मार्च को तहसील पटेरा के लिये डिप्टी कलेक्टर महेंद्र गुप्ता, 14 मार्च को तहसील हटा के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हटा रीता डहेरिया, 15 मार्च को तहसील बटियागढ़ के लिये संयुक्त कलेक्टर दमोह पियूष भट्ट, 18 मार्च को तहसील पथरिया के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पथरिया निकेत चौरसिया, 19 मार्च को तहसील तेंदूखेड़ा के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तेंदूखेड़ा बृजेश कुमार सिंह एवं 20 मार्च 2024 को तहसील जबेरा के लिये डिप्टी कलेक्टर दमोह सौरभ गंधर्व को शिविर हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा है जिले के प्रत्येक तहसील कार्यालय में राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाईन जनवरी 2024 तक की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में राजस्व और सामान्य प्रशासन विभाग की जनवरी माह तक की समस्त लंबित शिकायतों के संबंधित शिकायतकर्ताओं को बुलाया जाए, इस हेतु सभी शिकायतकर्ताओं को सूचित किया जाए। शिविरों में तहसील कार्यालय का समस्त स्टाफ, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप सुनिश्चित की जाये। उपरोक्त 7 दिवसीय शिविर में अधिक से अधिक सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण कराये जाए।

### निकलेगी श्री जिनेन्द्र शोभायात्रा, ध्वजारोहण के साथ होगा उद्घाटन

# पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




मध्यप्रदेश के दमोह जिले में स्थित विद्वानों की नगरी खड़ैरी में भक्त से भगवान बनने की कला सीखने वाला जैनदर्शन का सर्वोत्कृष्ट मंगल उत्सव श्री आदिनाथ दिगंबर जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ पूरे देश से पधार रहे विद्वतगणों, श्रेष्ठीजनों सहित श्रावक श्राविकाओं की विशेष उपस्थिति में आज बुधवार 6 मार्च से होने जा रहा हैं। महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया की 6 दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन श्री कुंदकुंद कहान दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट खड़ैरी द्वारा ज्ञानतीर्थ पंडित टोडरमल ट्रस्ट जयपुर एवं तीर्थधाम ढाईद्वीप जिनायतन इंदौर के निर्देशन में आयोजित किया गया है। जिसके प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी पंडित अभिनंदनकुमारजी शास्त्री खनियाधाना एवं सह प्रतिष्ठाचार्य सर्वश्री पंडित राजेन्द्रकुमार जैन टीकमगढ़, ब्रह्मचारी सुकमाल झांझरी उज्जैन, ब्र. डॉ. मनोज जैन जबलपुर, पं. अजीत शास्त्री अलवर एवं पं. सुनील धवल भोपाल रहेंगे। महोत्सव संबंधी सभाओं का संचालन जैनदर्शनाचार्य पं. अभयकुमार शास्त्री देवलाली, पं. संजय शास्त्री जेबर कोटा के साथ सहयोगी विद्वान के रूप में पं. ऋषभ शास्त्री छिंदवाड़ा, डॉ. अंकित शास्त्री लूंढदा, पं. सुमित शास्त्री छिंदवाड़ा, पं. उर्विश शास्त्री देवलाली, देवेंद्र शास्त्री ग्वालियर रहेंगे। सम्पूर्ण अनुष्ठान का निर्देशन पं. पीयूष शास्त्री जयपुर एवं विपिन जैन मुंबई करेंगे। मंच निर्देशन डॉ. विवेक शास्त्री इंदौर द्वारा किया जावेगा। मंगल प्रवचनों के क्रम में प्रतिदिन गुरुदेवश्री के सीडी प्रवचनों के साथ प्रातः दोपहर एवं रात्रि तीनो समय राष्ट्रीय विद्वान पंडित राजेंद्रकुमार जैन जबलपुर, डॉ. मनीष शास्त्री मेरठ, विपिन शास्त्री नागपुर के साथ पूरे देश से पधार रहे सम्मानीय शास्त्री विद्वतगणों का समागम प्राप्त होगा। आज के कार्यक्रम महोत्सव अध्यक्ष सुनील सराफ एवं कार्याध्यक्ष अशोककुमार जैन ने बताया की आज बुधवार 6 मार्च की प्रथम दिवस पर प्रातः 6 30 से शांति जाप, श्री जिनेन्द्र अभिषेक एवं नित्य नियम पूजन, 7.30 से मंगल कलश शोभायात्रा माता पिता के निवास से एवं श्री जिनेन्द्र रथयात्रा महोत्सव स्थल खेल परिसर अयोध्यापुरी तक निकलेगी। जहां पहुंचकर 9 बजे से श्री जिनेन्द्र पूजन, ध्वजारोहण, विविध उदघाटन, चित्र अनावरण एवं विधि अध्यक्ष विराजमान, नांदि विधान, जिनवाणी विराजमान, गुरुदेवश्री के मांगलिक के बाद उदघाटन विधि होगी। दोपहर 1 बजे से इंद्र प्रतिष्ठा एवं याग मंडल विधान, संध्या 6.30 से बाल कक्षा पाठशाला, रात्रि 7 बजे से श्री जिनेन्द्र भक्ति, 7.30 से शास्त्र स्वाध्याय, 8.15 से गर्भकल्याणक पूर्व क्रिया संबंधित इंद्र सभा, राज सभा एवं माता के सोलह स्वप्न का प्रदर्शन होगा। समस्त अनुष्ठानों ने सकल जैन समाज सहित धर्म प्रेमी बंधुओं से सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील आयोजन समिति सहित मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा की गई है।